# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612—2219545 (क
फैक्स नं0 : 22189
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.co
dm-patna.bih@nic.

पत्रांक—LIV—03/2024 1279 /सा०, पटना, दिनांक 12-06-24

प्रेषक,

जिलाधिकारी, पटना
—सह—
निर्वाची पदाधिकारी, बिस्कोमान,
(बिहार—झारखण्ड), पटना।

सेवा में,

बिस्कोमान, बिहार एवं झारखण्ड के सामान्य निकाय की विशेष आम—सभा निर्वाचित सभी डेलीगेटस (प्रतिनिधि) मतदाता।

विषय :— **बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद के निर्वाचन/गठन के संबंध में।**

प्रसंग :— i. बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम 2002 (यथा संशोधित) की धारा 45 (J)
ii. बहुराज्य सहकारी समिति नियम 2002 (यथा संशोधित) के नियम 19 (H)
iii. तद्संबंधी बिस्कोमान की उपविधि के सुसंगत प्रावधान

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक CEA-I2011/25/2023, दिनांक 03.05.2024 के आलोक में बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक मंडल का निर्वाचन सम्पन्न करने हेतु निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से निम्न अनुदेश निर्गत किये जाते है :—

1. भारत सरकार, (सहकारिता मंत्रालय) के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार द्वारा अधिसूचित CEA-I2011/25/2023, दिनांक 03.05.2024, निर्वाचन कार्यक्रम सुलभ प्रसंग हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।
2. उक्त निर्वाचन कार्य बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित —2023)/बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित—2023) एवं बिस्कोमान के उपविधि के सुसंगत प्रावधानो के अन्तर्गत सम्पन्न किया जाना है।
3. बहुराज्य सहकारिता अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित 2023) की धारा—41 एवं तत्सम्बन्धी बिस्कोमान की उपविधि के कंडिका—27 के प्रावधानों के अनुसार निदेशक मंडल के गठन हेतु कुल संख्या—21 (निदेशको) का निर्वाचन निर्धारित है।

(i) बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) से सम्बद्ध (AFFILIATED) सहकारी समितियाँ वर्ग—A एवं वर्ग—B के बीच विभाजित है।

उपविधि की कंडिका—27 के प्रावधान के अनुसार बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) से सम्बद्ध सहकारी समितियों के वर्ग—A के प्रतिनिधियों से कुल—16 की संख्या निदेशक मंडल के सदस्य (निदेशक) के लिए निर्धारित है।

(ii) <u>निदेशक पर्षद (निदेशक) सदस्य के नामांकन हेतु डेलिगेटस (प्रतिनिधि) के समिति की शेयर आधारित योग्यता :—</u>

बस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) से सम्बद्ध वर्ग—A की सहकारी समितियों से निदेशक सदस्य के निर्वाचित होने के लिए संबंधित डेलिगेटस (प्रतिनिधि) के समिति का प्रति शेयर 1000.00 मूल्य वाले न्यूनतम 15 शेयर, अथवा उससे अधिक का शेयर धारण करना विधिवत अनिवार्य होगा (उपविधि की धारा—27 संदर्भित)।

(iii) बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) से सम्बद्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों के बीच से निदेशक सदस्यों के निर्वाचन हेतु वर्ग—B के सहकारी समितियों के डेलिगेटस (प्रतिनिधियों) की कुल संख्या—05 निर्धारित है (उपविधि की कंडिका—27, संदर्भित)।

# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612—2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2213900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) से सम्बद्ध वर्ग–B, की सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों के लिए निदेशक पर्षद सदस्य (निदेशक) के निर्वाचन समिति के का प्रति शेयर 1000.00 के मूल्य वाले न्यूनतम–02 शेयर या उससे अधिक का शेयर धारण किया जाना अनिवार्य है। (उपविधि के कंडिका–27 संदर्भित)।

**आरक्षण**

बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद (निदेशक) सदस्यों के निर्वाचन अन्तर्गत सहकारी समिति के प्रतिनिधियों के बीच से 01 पद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा 02 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है (सहकारी निर्वाचन प्राधिकार का अनुदेश ज्ञापांक L-11011/01/2023/L&M, दिनांक–06.12.2023, संदर्भित)

4. बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक सदस्य हेतु निर्वाचन से संबंधित सभी डेलिगेटस (प्रतिनिधि) के योग्यता/अयोग्यता संबंधी बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा– 43 एवं 44 (पदधारक हेतु द्वारा सुस्थापित) प्रावधानों एवं उपविधि की धारा 28 के अन्तर्गत प्रभावी होगा।
5. दिनांक–18.06.2024 को सदस्यों/डेलीगेटस की औपबंधिक सूची के प्रकाशन के उपरान्त छज्जूबाग अवस्थित समाहरणालय हिन्दी भवन, पटना के प्रथम तल पर अवस्थित सामान्य शाखा, पटना में दिनांक–19.06.2024 से 24.06.2024 तक (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) प्रति दिन संध्या 03:00 बजे तक आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे।
6. बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुरूप निर्वाचन की तिथि एवं समय इस पत्र के साथ संलग्न है। नामांकन, जिला पदाधिकारी, पटना–सह–निर्वाची पदाधिकारी, बिस्कोमान के छज्जूबाग स्थित हिन्दी भवन, पटना समाहरणालय, पटना के कार्यालय कक्ष में तथा सामान्य निकाय की बैठक छज्जूबाग स्थित पटना समाहरणालय, पटना हिन्दी भवन, ऑडोटोरियम निर्धारित कर विधिवत रूप से संसूचित की जाती है।
7. बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा 19 J के आलोक में नामांकन दाखिल किया जाना है। संबंधित नामांकन प्रपत्र–3 प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, पटना से अनुरोध कर विधिवत प्राप्त किया जा सकता है।
8. निदेशक पर्षद के सदस्य (निदेशक) तथा पदधारकों का निर्वाचन बहुराज्य सहकारी सोसाइटी नियम, 2002 (यथा संशोधित–2023) की धारा 19H से 19P एवं अन्य सुसंगत नियम के आलोक में सम्पादित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि संलग्न कार्यक्रम अनुसार निर्धारित तिथि/समय/स्थान पर बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद सदस्य (निदेशक) तथा पदधारक (अध्यक्ष/उपाध्यक्ष) के पद पर संलग्न कार्यक्रम के अनुसार भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

जिलाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी, बिस्कोमान,
(बिहार–झारखण्ड), पटना

# बिस्कोमान
**(बिहार एवं झारखण्ड)**

बिस्कोमान निर्वाचन

शपथ–पत्र जो नामांकन पत्र के साथ दिया जायेगा)

## (शपथ–पत्र)

मैं ..................................................................., पिता–..........................................................,
उम्र– ..................वर्ष, ग्राम+मो0– ..........................................................,पोस्ट–..............................
.थाना ..........................................., जिला– .........................................., बिहार/झारखण्ड का निवासी हूँ तथा शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ :–

कि मैं अपना नामांकन पत्र बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक हेतु दाखिल कर रहा हूँ/रही हूँ।

कि मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी नियमावली, 2002 (यथा संशोधित–2023) के नियम 19 एवं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 की धारा 43 से 46 के प्रावधानों से पूर्णतः अवगत हूँ।

कि मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 (यथा संशोधित–2023) की धारा 43 एवं 44 के अन्तर्गत निर्वाचन हेतु योग्य हूँ।

कि मैं बिस्कोमान की उपविधियों के अधीन निदेशक के निर्वाचन हेतु निरर्हित नहीं हूँ।

कि मैं किसी भी सहकारी समिति का डिफॉल्टर अथवा किस्त खिलाफ नहीं हूँ।

कि मैं भविष्य में ऐसा कोई कार्य नहीं करुँगा, जिससे संस्था की छवि धूमिल हो अथवा मेरे या मेरे समिति के कारण संस्था को आर्थिक नुकसान उठाना पड़े।

कि मेरे द्वारा अंकित की गई सूचनाएँ मेरे विश्वास एवं जानकारी में सही और सत्य हैं।

कि यदि किसी भी स्तर पर बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 (यथा संशोधित) अथवा बिस्कोमान की उपविधि के प्रावधानों के अन्तर्गत अयोग्यता पायी जाती है, तो निर्वाचन रद्द किया जा सकेगा।

स्थानः–

दिनांकः–

उम्मीदवार का हस्ताक्षर

# बिस्कोमान
## (बिहार एवं झारखण्ड)

## (नामांकन फार्म)

प्रपत्र–"III"

बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिहार–झारखण्ड) के निदेशक मंडल (सदस्य निदेशक) का निर्वाचन
(बहुराज्य सहकारी सोसाइटी नियम, 2002 (यथा संशोधित–2023) के नियम 19(J) द्वारा निर्धारित)

1. बहुराज्य सहकारी समिति का नाम व पता — बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित,
(बिहार एवं झारखण्ड)
बिस्कोमान टॉवर, छठा तल
पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800001

**उम्मीदवार**

2. प्रतिनिधि का नाम तथा सहकारी समिति अथवा बहुराज्य सहकारी समिति का नाम जिसका वह प्रतिनिधि है ..............................
3. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ..............................
4. पता ..............................
5. अंतिम मतदाता सूची में वर्ग (A अथवा B) (उपविधि की कंडिका–20 अन्तर्गत) ..............................
6. निदेशक सदस्य का आरक्षित श्रेणी अन्तर्गत दावा (बहुराज्य सह॰ अधिनियम–2002(2023) की धारा–41(3) द्वारा आरक्षित ..............................

**प्रस्तावक**

7. प्रस्तावक का नाम और समिति का नाम जिसका प्रस्तावक प्रतिनिधि है ..............................
8. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ..............................
9. प्रस्तावक के हस्ताक्षर ..............................

**समर्थक**

10. समर्थक का नाम और समिति का नाम जिसका समर्थक प्रतिनिधि है ..............................
11. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ..............................
12. समर्थक के हस्ताक्षर ..............................

# उम्मीदवार की घोषणा

मैं घोषणा करता हूँ कि बिस्कोमान में निदेशक पद के निर्वाचन में खड़े होने का इच्छुक हूँ और मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटीज अधिनियम तथा नियमों और बिस्कोमान(बिहार–झारखण्ड) की उपविधियों के अनुसार बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित, बिहार एवं झारखण्ड के निदेशक मंडल की सदस्यता के लिए निरर्हित नहीं हूँ।

दिनांकः–                                                            (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

## रिटर्निंग ऑफिसर का पृष्ठांकन

यह नामांकन पत्र मुझे तारीख .......................................................... को ....................................................बजे दस्ती/पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त हुआ।

स्थानः– ..............................

तारीखः– ............................

रिटर्निंग ऑफिसर या उसके
द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

# बिस्कोमान

## बिहार राज्य सहयोग क्रय-विक्रय संघ सीमित

(बिहार-झारखण्ड)

बिस्कोमान टावर, छठा तल, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-800001

## (निर्वाचन सम्बन्धी आवश्यक सूचना/कार्यक्रम)

(MSCS.2002 (2023) Rules-19(I) 3)

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक CEA-12011/25/2023, दिनांक 03.05.2024 के आलोक में बिस्कोमान (बिहार एवं झारखंड) के निदेशक मंडल का निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी, पटना-सह-निर्वाचन पदाधिकारी, पटना के आदेश ज्ञापांक-1279 दिनांक-12.06.2024 द्वारा चुनाव का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित है। तत्संम्बधी सूचना विधिवत निबंधित डाक (Speed Post) द्वारा सभी निर्वाचित जिला स्तरीय डेलिगेट्स/प्रतिनिधि को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्वाचन कार्यक्रम में भाग लेना चाहेंगे।

प्रासंगिक सूचना अधिकृत रूप से भाग लेने के लिए सभी जिला स्तरीय निर्वाचित डेलिगेट्स/प्रतिनिधियों को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

सम्बन्धित सूचना बिस्कोमान (बिहार-झारखण्ड) अधिकृत Website www.biscomaun.co.in पर भी उपलब्ध है। इस सम्बन्ध मे अन्य किसी प्रकार की पृच्छा/सहायता के लिए सचिव सह नोडल पदाधिकारी, बिस्कोमान (बिहार-झारखण्ड) के मो0- 9386595429 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

### Election Programme of Bihar State Cooperative Marketing Union Ltd.

### Election For Board Members

| SL.No. | Particulars | Date | Time | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Publication of Provisional List of Members/Delegates, Eligible to Vote | 18th June, 2024 (Tuesday) | 11:00 AM | समाहरणालय, पटना छज्जुबाग सामान्य शाखा (प्रथम-तल) |
| 2 | Time Window for Raising Objection and Scrutiny (if any) to the Provisional List | 19th June, 2024 to 24th June, 2024 (Wednesday to Monday) | 11:00 AM to 03:00 PM (Everyday) | |
| 3 | Publication of Final List of Member/Delegates, Eligible to Vote | 25th June, 2024 (Tuesday) | 11:00 AM | |
| 4 | Issue and Filling of Nomination Form | 26th June, 2024 to 2nd July, 2024 (Wednesday to Tuesday) | 11:00 AM to 03:00 PM (Everyday) | जिला पदाधिकारी, पटना सह निर्वाचन पदाधिकारी (बिस्कोमान), पटना समाहरणालय, छज्जूबाग हिन्दी भवन, पटना का कार्यालय कक्ष |
| 5 | Publication of List of Nominations Received | 2nd July, 2024 (Tuesday) | 05:00 PM | |
| 6 | Scrutiny of Received Nomination Forms | 3rd July, 2024 (Wednesday) | 11:00 AM to 03:00 PM | |
| 7 | Publication of List of Valid Nominations | 3rd July, 2024 (Wednesday) | 05:00 PM | |
| 8 | Withdrawal of Nominations | 4th July, 2024 to 5th July, 2024 (Thursday to Friday) | 11:00 AM to 03:00 PM | |
| 9 | Publication of Final List of Contesting Candidates | 5th July, 2024 (Friday) | 5:00 PM | |
| 10 | Date of Polling, if Necessary | 10th July, 2024 (Wednesday) | 08:00 AM to 04:00 PM | पटना समाहरणालय, हिन्दी भवन, ऑडिटोरियम छज्जुबाग, पटना |
| 11 | Counting of Votes & Declaration of Result | 10th July, 2024 (Wednesday) | Immediate After Polling | |
| | **Office Bearer Election** | | | |
| 1 | Announcement of Election Schedule | 10th July, 2024 (Wednesday) | After Declaration of Result of Board Member's Election | |
| 2 | Meeting of Newly Constituted Board & Publication of List for Valid Nominations, Polling (If Required) & Declaration of Result of Election of Office Bearers | 11th July, 2024 (Thursday | 10:00 AM Onwards | |

(सक्षम प्राधिकार के आदेशानुसार)
आर0पी0सिंह
प्रबंध-निदेशक